*This Question Paper contains 16 printed pages.*
***(Part - A & Part - B)***

Sl.No.

# 14 (H)

**(MARCH, 2019)**

**(New Course)**

| |
|---|
| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ OMR શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. |
| **Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet.** |
| **02** |

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**
**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में Part - A में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न है । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या 1 से 50 है । हरेक प्रश्न का गुण 1 है ।

3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना ।

4) आपको अलग से दिए गये O.M.R पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O और (D) O दिए गये है । जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।

5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहिनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को O.M.R. शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए ।

---

1) 'दंग रह जाना' मुहावरें का सही अर्थ .....................।

(A) आश्चर्यचकित होना (B) अचानक नजर आना

(C) हौंश खो बैठना (D) समझ में न आना

2) निम्न में से कौन-से मुहावरे का अर्थ 'बहुत गुस्सा आना' - होता है।

(A) धुआँ-पुआँ हो जाना

(B) आग उँगकना

(C) आग लगना

(D) आग बबूला हो जाना

3) कर्तृवाचक की सही जोड़ बताइए।

(A) रक्षा – रक्षावन
(B) रक्षा – रक्षाकार
(C) रक्षा – रक्षक
(D) रक्षा–रक्षित

4) 'चित्र' – शब्द की कर्तृवाचक संज्ञा बताइए।

(A) चित्रहार
(B) चित्रकार
(C) चित्रकर्ता
(D) चित्रक

5) 'ख़रहे की उम्र अभी लंबी थी' – इस पंक्ति में भाववाचक संज्ञा बताइए।

(A) अभी
(B) उम्र
(C) ख़रहा
(D) लंबी

6) 'अल्पज्ञानी अधिक ज्ञानी होने का स्वांग करता है।' – किस कहावत का सही अर्थ है?

(A) दिन दुगनी, रात चौगुनी।
(B) करेला और नीम चढ़ा।
(C) ऊँची दुकान, फिके पक़वान।
(D) अधजल गगरी, छलकत जाय।

7) 'दिन दुगनी, रात चौगुनी' – कहावत का सही अर्थ .......................।

(A) बहुत जल्द
(B) तेजी से उन्नति करना
(C) दिन में आँधी
(D) अविरत कार्य

8) 'शरीर' शब्द का विशेषण होगा।

(A) शारीरिक
(B) शरीरम्
(C) शरीरत्व
(D) शरीर

9) निम्न में से विशेषण की सही जोड़ चुनिए –

(A) ग्लानि – दु:ख

(B) स्वार्थ – स्वार्थी

(C) स्वार्थी – नि: स्वार्थ

(D) पहाड – पर्वत

10) 'राजपुरूष' समास का भेद बताइए।

(A) अव्ययीभाव समास

(B) कर्मधारय समास

(C) तत्पुरूष समास

(D) द्विगु समास

11) प्रभुजी बादल है तो भक्त क्या है?

(A) मोर

(B) बिजली

(C) पानी

(D) बरसात

12) 'कलधौत के धाम' – शब्द का अर्थ क्या होता है?

(A) चाँदी का राजमहल

(B) सोने के राजमहल

(C) काली यमुना नदी

(D) कृष्ण का राजमहल

13) तोते ने अपने जीवन का अंत कब मान लिया था?

(A) पाँच साल बाद

(B) सुखे तरू के अंत के साथ ही

(C) दश शतक बाद

(D) सुखे तरू के गिर जाने के बाद

14) साधु अपना पाप से भरा घड़ा कहाँ आकर फोडता है?

(A) काशी

(B) मथुरा

(C) हरिद्वार

(D) पटना

15) सुमित्रानंदन पंत को 'चिंदबरा' काव्यसंग्रह पर कौन सा पुरस्कार मिला था?

(A) सोवियेत भूमि नेहरू

(B) ज्ञानपीठ पुरस्कार

(C) साहित्य अकादमी

(D) समर्थ शिल्पी

16) किसकी कृपा से मीरा ने 'राम रतन धन' पाया है?

(A) भगवान की

(B) पति की

(C) अपने पिता की

(D) सद्‌गुरू की

17) कृष्ण ने किस ग्रंथ की रचना की है?

(A) रामायण

(B) भगवद्गीता

(C) महाभारत

(D) श्रीमद् पुराण

18) लोमड़ी क्या देख रही थी?

(A) कुत्ते का बीहड़ वन में छिप जाना

(B) कुत्ते का दौड़ में ख़रहे से हार जाना

(C) कुत्ते का ख़रहे के पीछे भागना

(D) कुत्ते का वापस जाना

19) भारतवर्ष से हमारा .................. लहराना सीखा।

(A) नदी

(B) हवा

(C) जलधि

(D) पेड़ो

20) '<u>मेघा</u> का गायन करते है' – रेखांकित शब्द का सही अर्थ बताइए:

(A) बारिश

(B) बुद्धि

(C) बादल

(D) मेघधनुष्य

21) 'अमरनाथ' की राहों में ............... की बाँहो में।

(A) शेषनाग

(B) देवदारू

(C) देवदास

(D) स्वरलहरी

22) जनशक्ति की चेतना द्वारा भारत में ............. लाना चाहिए।

(A) नवचेतना

(B) महाक्राँति

(C) परिवर्तन

(D) नवयुग

23) भूख से लड़ता हुआ प्राणी कवि को कैसा दिखता है?

(A) सुंदर

(B) अजीब

(C) भयंकर

(D) गंदा

24) तोता उस पेड़ को अपना क्या मानता था?

(A) हमसफर

(B) बड़ा भाई

(C) माता–पिता

(D) सच्चा साथी

25) 'भारतवर्ष हमारा है।' इस काव्य के कवि कौन हैं?

(A) वीरेन्द्र मिश्र

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) सर्वेश्वर दयाल सकसेना

26) बूढ़ी काकी को पत्तलों पर से जूठी पूड़ी के टुकड़े खाता देखकर कौन सन्न रह गया?

(A) लाडली

(B) बुधिराम

(C) रूपा

(D) श्यामा

27) बुढ़ापा ................ रोग का अंतिम समय है।

(A) अनुराग

(B) क्षुधा

(C) तृष्णा

(D) तृषा

28) आदमी ज्यादा धार्मिक, फिलासाफर और सदाचारी लगता है, ऐसा लोग कब समझते हैं?

(A) जब वह धर्म की बातें करता हो।

(B) जब वह प्रसन्न हो।

(C) जब वह पवित्र हो।

(D) जब वह बुझेदिल हो।

29) प्रोफेसर रामिश का ड्रीम प्रोजेक्ट क्या था?

(A) मानव प्रक्षेपण यंत्र बनाना

(B) कैन्सर का टीका ढूँढ़ना

(C) दवाइयाँ बनाना

(D) कृत्रिम मनुष्य बनाना

30) मेरी वेश–भूषा ही उस बात का परिचय देती है कि मैं यहाँ का निवासी नहीं हूँ। यह कौन किससे कहता है?

(A) मल्लिका – दन्तुल से

(B) दन्तुल – कालीदास से

(C) कालीदास – दन्तुल से

(D) दन्तुल – मल्लिका से

31) रामप्रसाद बिस्मिल के गुरू कौन थे?

(A) श्री सोमदेव

(B) श्री वामदेव

(C) श्री रामदेव

(D) श्री बलदेव

32) टेल्को (टाटा) कंपनी का विज्ञापन किस पद के लिए था?

(A) मॅनेजर पद के लिए

(B) मेकॅनीक पद के लिए

(C) इंजीनियर पद के लिए

(D) सिविल इंजीनियरिंग पद के लिए

33) 'अरे, वह तो नदीवाली कोठरी में पड़ा है।' – यह वाक्य कौन बोलता है?

(A) मालती

(B) कुन्दन

(C) नंदन

(D) बिन्दु

34) सदानंद के कहने पर शादीराम ने पत्रिकाओं के चित्रों का क्या किया?

(A) अलबम बनाया

(B) बच्चों को बाँट दिये

(C) बेच दिए

(D) दीवारों पर सजा दिये

35) 'जीने की कला' पाठ का साहित्य प्रकार कौन–सा है?

(A) आत्मकथा अंश

(B) उपन्यास अंश

(C) कहानी

(D) निबंध

36) ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती पर उसका .............. परिवर्तित किया जा सकता है।

(A) स्वरूप

(B) रंग

(C) वेग

(D) तत्त्व

37) अविनाश ने गोपी को किसकी कविता समझाने का वादा किया था?

(A) निराला की

(B) प्रसाद की

(C) पंतजी की

(D) महादेवी की

38) अमीर धन कैसे कमाता है?

(A) नेकी रखकर

(B) बड़ी मेहनत से

(C) बड़े आराम से

(D) दुसरों को उल्लु बनाकर

39) अपशब्दों के उपयोग पर अविनाश का प्रतिबंध है – यह वाक्य कौन बोलता है?

(A) रमेश

(B) नरेश

(C) निमेष

(D) गोपी

40) हरिणशावक इनमें से किसके बाणों से घायल हुआ था?

(A) दन्तुल

(B) मल्लिका

(C) कालिदास

(D) अम्बिका

41) पर्यायवाची शब्द की सही जोड़ बताइए –

(A) जीवन – मृत्यु

(B) अभिलाषा – परिभाषा

(C) तोता – शुक

(D) वन – रेगिस्तान

42) 'प्रशंसा' शब्द का गलत पर्यायवाची शब्द बताइए।

(A) बडाई

(B) बखान

(C) तारीफ

(D) प्रशासन

43) निम्नलिखित में से कौन–सी संधि गलत है?

(A) महोत्सव – महा + उत्सव

(B) पुरूषोतम – पुरूषो + तम

(C) अध्ययन – अधि + अयन

(D) रक्षार्थ – रक्षा + अर्थ

44) 'बेईमान' – शब्द का विलोम शब्द .......................।

(A) ईमानदार

(B) बेईमानी

(C) ईमानदारी

(D) श्रीमान

45) 'मुस्कराना' – शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए।

(A) मुस्कराई

(B) मुस्कराहट

(C) मुस्करापन

(D) मुस्करता

46) 'नवग्रह' – शब्द समास का प्रकार बताइए।

(A) कर्मधारय समास (B) बहुव्रीहि समास

(C) तत्पुरूष समास (D) द्विगु समास

47) 'सदैव' – शब्द का उचित संधि विग्रह कीजिए।

(A) सदै + व

(B) स + दैव

(C) सदा + एव

(D) सदा + ऐव

48) 'विद्या ही जिसका अर्थ है' – शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए।

(A) शिक्षा (B) विद्यार्थी

(C) शिक्षक (D) विद्वान

49) 'विलोम' – शब्द की सही जोड बताईए।

(A) धीरज – धैर्य

(B) क्रोध – कोप

(C) क्षुधा – सुधा

(D) ईच्छा – अनिच्छा

50) 'जहाँ घटना घटी है वह जगह' – शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए।

(A) घटनाक्रम (B) अघटित

(C) घटनास्थल (D) दुर्घटना

# 14 (H)

**(MARCH, 2019)**

**(New Course)**

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) प्रश्नपत्र के **Part - B** में चार विभाग है और कुल **1** से **18** प्रश्न है।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। आंतरिक विकल्प दिये गये है।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है।
5) नया विभाग नये पत्रे पर लिखिए।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये।

### विभाग- A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** [4]

1) श्रीकृष्ण को रिझाने के लिए गोपी क्या-क्या करना चाहती है?

2) कश्मीर की सुबह किस तरह होती है?

अथवा

'साधूपदेश' काव्य में काका हाथरसी ने किस पर व्यंग्य किया है?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** [3]

3) 'हिन्दुस्तान हमारा है' - स्वरधारा किसकी और कब से है?

अथवा

'हे जन शक्ति महान' गीत के माध्यम से कवि ने जनमानस को क्या संदेश दिया है?

■ निम्नलिखित आशय स्पष्ट कीजिए : [3]

4) सत् की नाव खेवटिया सतगुरू भव सागर तरि आयौ।

अथवा

वह वसुधैव बना कुटुंबकम्।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [4]

5) आज वास्तविक धन कौन–कौन से गुण में है? क्यों?

6) बिन्दु ने अपने दोष का किस प्रकार पश्चताप किया?

अथवा

कालिदास दन्तुल को अपराधी न मानने के लिए क्या तर्क देता है?

■ निम्नलिखित प्रश्न का चार–पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए : [3]

7) खाने के बारे में बूढ़ी काकी के मन में कैसे–कैसे मंसूबे बंधे?

अथवा

हम बुझे हुए दिल और सूखे हुए चेहरे के साथ कहाँ स्थान नहीं प्राप्त कर सकते?

■ निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए : [3]

8) कविता आत्मा की कला है, संवेदना का सौंदर्य।

अथवा

'धन सुख का जादुगर भी है और शांति का डकैत भी।'

## विभाग - B

■ **निम्नानुसार पत्र लिखिए :** [5]

9) 15, मधुवन निवास, कोलेज रोड, बदौदा से मनोज अहमदाबाद में रहनेवाले अपने मित्र राकेश को बाढ़ पीडितों की दुर्दशा का पत्र लिखता है।

10) 'आकाशवाणी' – पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। [3]

■ **निम्नलिखित विचार-विस्तार स्पष्ट कीजिए।** [3]

11) कहते हैं सब शास्त्र कमाओ रोटी जान बचाकर,
पर संकट में प्राण बचाओ, सारी शक्ति लगाकर।

अथवा

मनुष्य यदि उदार बनता है तो देवदूत
और यदि नीच बनता है तो शैतान।

## विभाग - C

■ **परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [4]

नारी ईश्वर की देन है और ईश्वर की बेटी है। भगवान के बाद हम स्त्री के ही देनदार हैं। जिंदगी देने के लिए और फिर जिंदगी योग्य बनाने के लिए वह माता के समान हमारी रक्षा करती है तथा मित्र और गुरू के समान हमें शुभ कार्यों के लिए प्रेरित करती है। नारी का त्याग और बलिदान भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि है परंतु ईश्वरीय प्रवृति एवं ईश्वर द्वारा किसी भी नारी से किया गया असामाजिक क्रुर मजाक वह होता है, जब नारी का सर्वेसर्वा मार्गदर्शक उसका भविष्य निर्माता। उसे इस असीम दुनिया में नितांत अकेली – छोडकर अनायास काल – कंवलित हो जाता है। विधवा हो जाने पर उसे जीवन में पर्यत – दुसरों पर आश्रित रहना पडता है तथा संसार की सभी बहारों, रंगीनीयों से उसे वंचित किया जाता है।

संतोष की बात है कि हमारे भारत में कुछ विधवा-विवाह होने लगा है, परंतु – समाज ने इस पद्धति को पूर्ण रूप से स्वीकार नहीं किया है। लोग विधवा को लेने व देने दोनों में ही हिचकिचाते हैं। विधवा-विवाह एक गौरव की बात है, जो समाज की शुद्धता और देशोन्नति के लिए अति आवश्यक है।

12) हम भगवान के बाद किस के देनेदार हैं? और क्यों?

13) नारी के जीवन का सबसे अधिक क्रुर-ईश्वरीय मजाक क्या है?

14) विधवा हो जाने पर नारी की क्या स्थिति होती है?

15) इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

■ **निम्नलिखित अहवाल लिखिए :** **[3]**

16) अपनी पाठशाला में 'स्वच्छता सप्ताह' मनाया गया। उसके बारे में करीब तीस शब्दों में अपनी भाषा में लिखिए :

## विभाग - D

■ **रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए :** **[5]**

17) एक गाँव – गाँव के बाहर रास्ते पर एक स्कूल – विद्यार्थीयों का पढ़ने जाना – एक विद्यार्थी का परीक्षा में चोरी करने का इरादा – पढ़ाई में ध्यान न देना – प्रथम परीक्षा में चोरी का मौका न मिलना – अनुत्तीर्ण होना – पछतावा होना – चोरी न करने का संकल्प – पढ़ाई में जुट जाना – अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होना – जीवन धन्य होना – चोरी न करने का ईनाम – बोध।

■ **निम्नलिखित विषय पर 150 शब्दों मे निबंध लिखिए :** **[7]**

18) "देश के प्रति युवकों का कर्तव्य।"

[ प्रस्तावना – युवक ही देश के रक्षक – देश की प्रगति के आधार – राष्ट्र निर्माण में युवकों का योगदान – अन्य कार्य – उपसंहार। ]

अथवा

निरक्षरता – एक अभिशाप

[ निरक्षरता का अर्थ – आज की दुनिया में निरक्षर व्यक्ति की स्थिति – भारत में निरक्षरता – निरक्षरता से देश को हानि – निरक्षरता निवारण के उपाय – निरक्षरता से मुक्त भारत का स्वप्न – उपसंहार। ]

अथवा

विज्ञान : वरदान या अभिशाप

[ प्रास्तविक – अर्वाचीन युग और आज का युग – विज्ञान का युग – बिजली का आविष्कार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग को क्षेत्र में विकास – तकनिकी का जमाना – भौतिक सुविधाएँ – आनंद की जिंदगी – परमाणु बम का आविष्कार – वरदान रूप या अभिशाप रूप – उपसंहार। ]